| श्रेणी-II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)- अनुरक्षक<br>Category-II Stipendiary Trainee (ST/TN)-Maintainer | लिखित परीक्षा (चरण -1 प्रारंभिक परीक्षा, तथा चरण-2 प्रगत परीक्षा)+ शारीरिक मानक + दस्तावेज सत्यापन +कौशल परीक्षा<br>लिखित परीक्षा ओएमआर आधारित अथवा कम्प्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) होगी\|<br>Written Examination Examination (Stage-1- Preliminary Test, & Stage-2- Advanced Test) + Physical Standard Test+ Document Verification +Skill Test<br>The written examination will be OMR based or Computer Based Test (CBT) |
| नोट: अंतिम चयन हेतु अभ्यर्थी को निर्दिष्ट चयन प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर को उत्तीर्ण करना होगा \|<br>Note: A candidate has to qualify at each stage of prescribed selection process for final empanelment. | |

1. लिखित परीक्षा Written Examination

ओएमआर आधारित अथवा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा(सीबीटी) लिखित परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी|
The OMR based or Computer Based Test (CBT) Written Examination will be held in two stages.

चरण -1 प्रारंभिक परीक्षा(अवधि 1 घंटा ) Stage-1- Preliminary Test (1 Hour Duration)
चरण-2 प्रगत परीक्षा (अवधि 2 घंटे) Stage-2- Advanced Test (2 Hours Duration)

चरण -1 – प्रारंभिक परीक्षा : यह अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट करने के लिए एक छंटनी परीक्षा होगी| छंटनी परीक्षा का संरूप सभी ट्रेड्स के लिए कॉमन होगा और निम्नानुसार संरूप में होगा :

**Stage-1 – Preliminary Test:** It will be a screening examination to be held to shortlist candidates. The format of screening examination shall be common for all trades and will be in the following format:

(a) 01 (एक) घंटे की परीक्षा में निम्न अनुपात में बहुविकल्पी प्रकार (4 उत्तरों के विकल्प) के कुल 50 प्रश्न होंगे :

Examination will comprise 50 Multiple Choice Questions (Choice of 04 answers) of 01 (one) hour duration in the following proportion:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | गणित Mathematics | 20 प्रश्न<br>20 Questions |
| 2 | विज्ञान Science | 20 प्रश्न<br>20 Questions |
| 3 | सामान्य जागरूकता<br>General Awareness | 10 प्रश्न<br>10 uestions |

(b) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 (तीन) अंक प्रदान किए जाएँगे और गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक काटा जाएगा|
03 (Three) marks shall be awarded for each correct answer and 01 (one) mark shall be deducted for each incorrect answer.

(c) उपलब्ध संसाधनों के आधार पर एकल/बहुसत्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी|

Mahabharti.in

Tests may be conducted in single/multiple sessions depending upon logistics requirements.

अर्हता मानक : अर्हता मानक निम्नानुसार होंगे :

**Qualifying Standards:** The qualifying standards shall be as follows:

सामान्य श्रेणी (अनारक्षित)- 40% अंक;

**General Category (UR)**– **40%** marks;

अजा/अजजा/अ.पि.व(गैर क्रीमी लेयर)/बेनिज/आ.क.व. – 30% अंक(यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति होती है, तो ही लागू)|

**SC/ST/OBC(NCL)/PwBD/EWS** – **30%** marks (applicable, if vacancy exists in relevant reserved category)

तदनुसार, 40% से कम अंक पाने वाले सामान्य श्रेणी के एवं 30% से कम अंक पाने वाले अजा/अजजा/ अ.पि.व(गैर क्रीमी लेयर)/ बेनिज/आ.पि.व श्रेणी के अभ्यर्थी छंटनी में चरण-2 के लिए बाहर हो जाएँगे |

Accordingly, the General Category Candidates **< 40%** marks and the candidates belonging to SC/ST/OBC(/PWBD/EWS with **< 30%** marks will be screened out for Stage-2.

चरण-2 – प्रगत परीक्षा [परीक्षा 02 (दो) घंटे की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी]

Stage-2 – Advanced Test [Test will be of 02 (two) hours duration]

(a) चरण-1 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी चरण – 2 (प्रगत परीक्षा ) में भाग लेंगे| यह परीक्षा 02 (दो) घंटे अवधि की होगी और अधिकतम अंक 150 होंगे|

All the candidates appearing in Stage-1 will undertake the Stage-2 (Advanced test). The test will be of 02 (two) hours duration for a Maximum of 150 marks.

(b) उक्त परीक्षा 02(दो) घंटे की अवधि की होगी|

The Test will be of 02 (two) hours duration.

(c) श्रेणी -II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)-प्रचालक: प्रश्नों का स्तर HSC अथवा ISC के पाठ्यक्रम पर आधारित होगा|

Category-II Stipendiary Trainee (ST/TN)-Operator: The level of questions will be based on the syllabus in HSC or ISC

श्रेणी -II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)-अनुरक्षक: प्रश्नों का स्तर उनके संबंधित ट्रेड के आधार पर होगा|

Category-II Stipendiary Trainee (ST/TN)-Maintainer: The level of questions will be based on their respective trade.

(d) परीक्षा में बहुविकल्पी प्रकार (4 उत्तरों के विकल्प) के कुल 50 प्रश्न होंगे, जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 (तीन) अंक प्रदान किए जाएँगे और गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक काटा जाएगा|

The Test will comprise 50 Multiple Choice Questions (Choice of four answers) with 03 (Three) marks shall be awarded for each correct answer and 01 (one) mark shall be deducted for each incorrect answer.

अर्हता मानक : अर्हता मानक निम्नानुसार होंगे :

**Qualifying Standards:** The qualifying standards shall be as follows:

सामान्य श्रेणी (अनारक्षित)- 30% अंक;

General Category (UR)– **30%** marks;

अजा/अजजा/ अ.पि.व(गैर क्रीमी लेयर) /बेनिज/आ.क.व.– 20% अंक(यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति होती है, तो ही लागू|)

SC/ST/OBC(NCL)/PwBD/EWS – **20%** marks (applicable, if vacancy exist in relevant reserved category)

तदनुसार, 30% से कम अंक पाने वाले सामान्य श्रेणी के एवं 20% से कम अंक पाने वाले अजा/अजजा/ अ.पि.व(गैर क्रीमी लेयर) /बेनिज/आ.क.व श्रेणी के अभ्यर्थी छंटनी में भर्ती की अगली प्रक्रिया से बाहर हो जाएँगे|

Accordingly, the General Category Candidates < 30% marks and the candidates belonging to SC/ST/OBC(NCL)/PWBD/EWS with < 20% marks will be screened out for further recruitment process.

2. चरण-2 के पश्चात एक योग्यता-क्रम सूची केवल चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी|

A merit list shall be prepared of candidates after Stage-2 based upon scores obtained in Stage-2 only.

3. समान अंक होने की स्थिति में, योग्यता क्रम सूची में स्थिति का निर्धारण करने के लिए क्रम से निम्नलिखित मापदंड अपनाए जाएँगे:

In the event of a tie, following criteria shall be adopted in sequence for deciding position in merit list:

i. चरण -2 में कम ऋणात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with lower negative marks in Stage-2 shall be placed higher on the merit list.

ii. चरण -1 में अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with higher marks in Stage-1 shall be placed higher on the merit list.

iii. चरण -1 में कम ऋणात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with lower negative marks in Stage-1 shall be placed higher on the merit list.

Mahabharti.in

iv. चरण -1 में गणित विषय में अधिक धनात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with higher positive marks in mathematics in Stage-1 will be placed higher on the merit list.

v. चरण -1 में विज्ञान विषय में अधिक धनात्मक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा|
Candidates with higher positive marks in Science in Stage-1 shall be placed higher on the merit list.

4. प्राथमिक व प्रगत परीक्षाएं एक ही दिन में आयोजित की जाएंगी और यथावश्यक 30 से 120 मिनट तक का अंतराल दिया जाएगा। इस अंतराल के दौरान अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। एनपीसीआईएल को परीक्षा के कार्यक्रम में परिवर्तन करने का अधिकार है, तथापि किसी भी प्रकार के परिवर्तन के बारे में अभ्यर्थियों को पहले से सूचित किया जाएगा |

चरण-2 परीक्षा का मूल्यांकन केवल तभी किया जाएगा जब कि अभ्यर्थी ने चरण-1 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

श्रेणी -II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)-प्रचालक
श्रेणी-II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)- प्रचालक जिसके लिए निर्दिष्ट अर्हता HSC/ISC है के लिए कोई कौशल परीक्षा नहीं है| अनिवार्य शारीरिक मानक परीक्षा /दस्तावेज सत्यापन हेतु चरण -2 के पश्चात तैयार की गई योग्यता क्रम सूची के आधार पर 03 गुना अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया जाएगा | यदि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या प्रत्येक श्रेणी की रिक्तियों की संख्या की 03 गुनी संख्या से कम होती है तो सभी उत्तीर्ण व पात्र अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षा /दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

तथापि टाई होने की स्थिति में शारीरिक मानक परीक्षा /दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये लिए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 3 गुना सीमा से अधिक हो जाएगी|

मानक परीक्षा /दस्तावेज सत्यापन में **उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शोर्ट लिस्ट कर चरण-2 में अर्जित अंकों के आधार पर योग्यता क्रम में पैनल में रखा जाएगा|**

श्रेणी-II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)- अनुरक्षक
चरण-2 के आधार पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जाएगा।

Preliminary and Advanced Test examination will be conducted in a single day with 30 minutes to 120 minutes break in between as per the requirement. During the break candidates will not be allowed to go outside the examination center. NPCIL reserves right to change the schedule of examination, however any change shall be intimated in advance to the candidates.

The Stage-2 examination will be considered for evaluation only if candidate qualifies in Stage-1 examination.

**Category-II Stipendiary Trainee ST/TN (Operator): -**
There will not be any Skill Test for Category-II Stipendiary Trainee (ST/TN)-Operator for which the prescribed qualification is HSC/ISC. The number of candidates shortlisted for Physical Standard Test/Document Verification after written examination will be 3 times of the number of vacancies for each category. If the number of candidates qualified in written test is less than 3 times of the number of vacancies for each category, then all the qualified and eligible candidates are to be called for Physical Standard Test/Document Verification.

However, in case of tie the number of candidates to be shortlisted for Physical Standard Test /Document Verification may exceed the limit of 3 times. Candidates clearing the Physical Standard Test /Document Verification will be shortlisted and empanelled in order of merit based on marks secured in Stage-2.

**Category-II Stipendiary Trainee ST/TN (Maintainer):-**
Based upon the merit list prepared after Stage-2, candidates will be shortlisted for Skill Test.

5चरण- 3 : कौशल परीक्षा (केवल श्रेणी -II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु(एसटी/टीएन)-अनुरक्षक के पद हेतु)
Stage 3: Skill Test (Only for the post of Category-II Stipendiary Trainee (ST/TN)-Maintainer)

1. चरण -2 के पश्चात तैयार की गई योग्यता क्रम सूची के आधार पर प्रत्येक ट्रेड के अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए शार्ट लिस्ट किया जाएगा|
Based upon the merit list prepared after Stage-2, Candidates in each trade shall be shortlisted for Skill Test.

2. कौशल परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या पर निर्भर करेगी किंतु यह संख्या प्रत्येक पद व श्रेणी की रिक्तियों की संख्या के 5 गुणे से अधिक नहीं होगी। यदि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या प्रत्येक पद व वर्ग की रिक्तियों की संख्या की 5 गुनी संख्या से कम होती है तो सभी उत्तीर्ण व पात्र अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

यदि शार्ट लिस्टिंग (शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/ कौशल परीक्षा हेतु) के दौरान समान कटआफ अंको वाले एक से अधिक अभ्यर्थी हों तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जाएगा।

Mahabharti.in

उस स्थिति में जब पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं, तो केवल अर्ह हुए अभ्यर्थियों का ही कौशल परीक्षा लिया जाएगा एवं अन्य वर्गों में अर्ह अभ्यर्थियों से उन्हें समायोजित नहीं किया जाएगा |

The number of candidates shortlisted for Skill Test would depend upon the number of candidates qualifying in Written Test but will not exceed 5 times of the number of vacancies for each post and category. If the number of candidates qualified in Written Test is less than 5 times of the number of vacancies for each post and category, then all the qualified and eligible candidates will be shortlisted for Skill Test.

If there are more than 01 candidate with the same cut off mark (while shortlisting for Physical Standard Test/Document verification/Skill test), then all the candidates with the same mark will be shortlisted for Skill test.

In case adequate number of candidates are not available, then Skill Test will be conducted only for qualified candidates and will not be adjusted from candidates qualified in other categories.

3.

(a) कौशल परीक्षा केवल अर्हक प्रकृति की होगी जिसके आधार पर आगे जाना है/नहीं जाना है, का निर्णय होगा| कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया जाएगा एवं चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर उन्हें वरीयता के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा|
The Skill Test will be of qualifying nature only on Go/No Go basis. Candidates clearing the Skill Test shall be shortlisted and empanelled in order of merit based on marks secured in Stage-2.

(b) कौशल परीक्षा के अर्हता मानक : अर्हता मानक निम्नानुसार होंगे :
**Qualifying Standards for skill test:** The qualifying standards shall be as follows:
सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) - 50% अंक;
General Category (UR)– 50% marks;
अजा/अजजा/ अ.पि.व(गैर क्रीमी लेयर)/बेनिज/आ.क.व.– 40% अंक(यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति होती है, तो ही लागू|)
SC/ST/OBC(NCL)/PwBD/EWS – 40% marks (applicable, if vacancy exist in relevant reserved category)

- ✓ परीक्षा की वास्तविक तिथि, समय एवं स्थान का विवरण ई-प्रवेश पत्र में सूचित की जाएगी |
  Exact date, time and venue of the examination will be indicated in the e-Admit Card.
- ✓ लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/अंतिम चयन परिणाम केवल एनपीसीआईएल वेबसाईट "www.npcilcareers.co.in" पर प्रदर्शित/वक्तिगत लॉग -इन पर उपलब्ध कराया जाएगा |
  Result of Written examination/Skill Test/Final Selection Results will be displayed/made available under individual login at NPCIL website "www.npcilcareers.co.in" only.

## 12. प्रतीक्षा सूची Wait List

12.1 प्रतीक्षा सूची, विभिन्न पदों व श्रेणियों की मुख्य सूची में चयनित अभ्यर्थियों की संख्या के बराबर संख्या तक सीमित की जाएगी और यह, पैनल अनुमोदित किए जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी
Waitlist will be limited to equal number of candidates as in the select main list in different posts and categories, which will be valid for a period of one year from the date of approval of panel.

12.2 यह प्रतीक्षा सूची केवल उसी स्थिति में प्रचालित की जाएगी जबकि चयन सूची में चयनित कोई अभ्यर्थी, इस पद पर कार्यभार ग्रहण हेतु विहित अनुमन्य अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है या अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करता है किंतु कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि में त्यागपत्र दे देता है अथवा उसका निधन हो जाता है और इस समय तक कोई नया पैनल उपलब्ध नहीं होता है। प्रतीक्षा सूची, पैनल के अनुमोदन की तारीख अथवा ऐसी किसी भर्ती की अधिसूचना जारी किए जाने, इनमें से जो भी पहले हो, से एक वर्ष की अवधि के बाद प्रचालित नहीं की जाएगी।
The waitlist shall be operated only in the event of occurrence of a vacancy caused by non-joining of the candidate from the select list within the stipulated time allowed for joining the post or where a candidate joins the post but resigns or dies within a period of one year from the date of joining, if a fresh panel is not available by that time. The waitlist list will not be operated beyond one year from the date of approval of panel or after notifying any such recruitment, whichever is earlier.

Mahabharti.in

## 13. यात्रा भत्ता निम्नानुसार प्रतिपूर्ति किया जाएगा (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों हेतु) Travelling Allowance (TA) will be reimbursed as follows (For Scheduled Caste and Scheduled Tribe Candidates) :

लिखित परीक्षा हेतु बुलाए गए बाह्य स्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे अभ्यर्थियों, जो केंद्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र संगठन/निगम/स्थानीय शासन/पंचायत में नियुक्त नहीं हैं, को यात्रा के मूल टिकट तथा उनके जाति/समुदाय की प्रमाणपत्र प्रति प्रस्तुत करने पर द्वितीय श्रेणी/स्लीपर श्रेणी के रेल किराए या सामान्य श्रेणी के बस किराए का भुगतान नियमानुसार लघुतम मार्ग से किया जायेगा।

यात्रा भत्ता की प्रतिपूर्ति के रूप में लघुतम मार्ग से आने-जाने वाली राशि अभ्यर्थियों के बैंक खाते में इलेक्ट्रानिक रीति से डाली जाएगी जोकि आवेदन प्रपत्र में दिए गए पत्राचार पते के विवरण के अनुसार होगी |तदनुसार, लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए एव यात्रा भत्ता के लिए पात्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को उनके बैंक खाते संबंधी विवरण, उपलब्ध कराए गए विहित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

**यदि अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में पात्रता मानदण्ड पूरा न करने के कारण या एनओसी, यात्रा टिकट आदि उपलब्ध नही करा पाते हैं तो उन्हें टीए प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।**

Only outstation Scheduled Caste/Scheduled Tribe candidates called for Written Examination and who are not employed in Central/State Govt./Public Sector Organisation/Corporation/Local Govt./Panchayat will be paid to and fro Railway fare by 2nd class/ sleeper class or ordinary bus fare by the shortest route as per rules, on production of original journey tickets along with copy of Caste/Community Certificate.

The amount towards reimbursement of TA will be remitted to the bank account of the candidates electronically for to and fro fare by the shortest route only based on the correspondence address mentioned in the online application. Accordingly, SC/ST candidates called for written examination and eligible for TA will be required to submit their bank account details in the prescribed format as provided.

If applicant is not eligible for written test due to not meeting the eligibility criteria or non-production of the required documents including NOC, travel ticket etc. no travelling expenses will be reimbursed

Mahabharti.in

## 14. मूल दस्तावेजों का सत्यापन Verification of Original Documents

अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेजों के साथ उनके मामले में यथाप्रयोज्य निम्नलिखित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ ऑनलाइन आवेदन एवं ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी| मूल दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन /कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी:-
Candidates are invariably required to submit self-attested copy of the following certificates/documents as applicable to his/her case along with the print out of online application and e-admit card at the time of Physical Standard Test/Document verification with originals. Non-production of original documents will debar the candidate from appearing for the Physical Standard Test/Document Verification /Skill Test: -

a. जन्मतिथि साक्ष्य Date of Birth (DoB) proof :

   I. कक्षा 10 उत्तीर्ण होने का वह अंक-पत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो। Xth Std Passing Certificate indicating Date of Birth या OR
   II. विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र School Leaving Certificate

b. योग्यता :

   I. शैक्षिक/तकनीकी/व्यावसायिक योग्यताओं से संबंधित प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर के लिए निर्धारित सभी प्रमाणपत्र/मार्कशीट। All Certificates/Mark Sheets for each Year/Semester in support of Educational/Technical/Professional Qualification, as prescribed.
   II. अभ्यर्थियों को, दस्तावेज सत्यापन के समय उनके संस्थान के अनुमोदित होने/मान्यता प्राप्त होने तथा पाठ्यक्रम के संबंधित प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित होने/मान्यता प्राप्त होने के समर्थन में संस्थान के प्रधानाचार्य/डीन का प्रासंगिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। Candidates are required to produce relevant certificate from Principal/Dean of the Institute in support of approval/ recognition of the Institute & Course by the Concerned Authority at the time of Document verification.
   III. ऐसे अभ्यर्थियों, जिन्हें सीजीपीए प्रणाली के अनुसार ग्रेड अवार्ड किया जाता हो, उनके विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा सीजीपीए प्रणाली के अनुसार ग्रेड को उपयुक्त प्रतिशत में परिवर्तित करने का साक्ष्य, जो पद के लिए विज्ञापित आवश्यकता को पूरा करना चाहिए, प्रस्तुत करना होगा।

      Applicants who are awarded gradation under the CGPA system are required to bring proof issued by the University/Institute converting the CGPA gradation in to appropriate percentage, which should meet the advertised requirement for the post.

सीजीपीए/सीपीआई पैटर्न के तहत् % अंक निर्धारित करने में अस्पष्टता मौजूद है और रुपांतरण उपलब्ध नहीं है, या संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रदान नहीं किया गया है। ऐसे मामलों में, निम्नलिखित मानकों का पालन किया जाएगा:-
There exists ambiguity in deciding %age of marks where it is under CGPA/CPI pattern and conversion is not available or not provided by respective University/Institute. In such cases, following standards will be followed: -

| योग्यता परीक्षा में अंको का % %age of marks in qualifying examination | 10 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई Equivalent CGPA/CPI on 10 Point scale | 9 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई Equivalent CGPA/CPI on 9 Point scale | 8 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/सीपीआई Equivalent CGPA/ CPI on 8 Point scale | 7 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई Equivalent CGPA/CPI on 7 Point scale | 6 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई Equivalent CGPA/CPI on 6 Point scale | 5 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/सीपी आई Equivalent CGPA/CPI on 5 Point scale | 4 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/सीपीआ ई Equivalent CGPA/CPI on 4 Point scale |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55% | 5.9 | 4.9 | 4.4 | 3.8 | 3.3 | 2.7 | 2.0 |
| 60% | 6.5 | 5.4 | 4.8 | 4.2 | 3.6 | 3.0 | 2.2 |
| 65% | 7 | 6 | 5.3 | 4.6 | 4 | 3.3 | 2.5 |

c. प्रासंगिक अनुभव प्रमाणपत्रों (जहां कहीं लागू हो) में अवधि व प्रकृति का प्रकार स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए।
Relevant experience certificates (wherever applicable) clearly indicating the period and nature of experience.

d. केंद्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों /सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों का अपने संगठन से ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' लाना होगा इसके बगैर उन्हें दस्तावेज सत्यापन तथा अग्रिम प्रकिया में भाग लेने के अनुमति नहीं दी जाएगी ।
Applicants working in Central/State Government/PSUs/Aided Institutions should bring "No Objection Certificate" from the organization, failing which they will not be allowed to appear for Dcoument verification and further process.

e. अभ्यर्थियों का यदि नाम परिवर्तन हुआ हो तो उन्हें इस परिवर्तन की राजपत्र अधिसूचना/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
Applicants are required to furnish a Gazette Notification/certificate in respect of change of name, if applicable.

f. शारीरिक नि:शक्तता वाले अभ्यर्थियों के संदर्भ में प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा जारी नि:शक्तता प्रमाणपत्र।
In case of PwBD applicants, Disability certificate issued by a certifying authority.

g. प्रमाणपत्र– पूर्व सैनिक के मामले में डिस्चार्ज प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो) Certificate –Discharge certificate in case of Ex Serviceman (if applicable).

h. कार्रवाई के दौरान हताहत रक्षा सेवाकर्मियों के आश्रित (डीओडीपीकेआईए) होने के समर्थन में प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो)।
Certificate in support of being Dependant of Defence Personnel Killed in Action (DODPKIA), (if applicable).

i. विधवा, तलाकशुदा महिलाओं व विधिक रूप से पति से पृथक ऐसी महिलाएं जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है, के मामले में तलाक व विधिक रूप से अलग होने संबंधी तथ्य को साबित करने के लिए निर्णय की प्रमाणित प्रति/उपयुक्त न्यायालय की डिक्री।
Certified copy of the judgement/decree of the appropriate Court to prove the fact of divorce or the judicial separation in respect of widows, divorced women and women judicially separated from their husbands and who are not remarried.

j. जाति/श्रेणी/आय और संपत्ति प्रमाणपत्र Caste/Category/Income & Asset Certificates:

i. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर- क्रीमी लेयर)/बेंचमार्क निशक्तजन (पीडब्ल्यूबीडी) के अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारुप के अनुसार जाति /श्रेणी/वैध आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो) प्रस्तुत करना होगा।
EWS/SC/ST/OBC(NCL)/PwBD applicants must submit caste/category/valid Income & Asset certificate (as applicable), as per the format prescribed by Government of India.

ii. यदि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर-क्रीमी लेयर)/ बेंचमार्क निशक्तजन (पीडब्ल्यूबीडी) का प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिन्दी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो अभ्यर्थियों को अंग्रेजी या हिन्दी में अनुवादित स्वयं प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
If the EWS/SC/ST/ OBC(NCL)/PwBD certificate has been issued in a language other than English/Hindi, then the candidates will be required to submit a self-certified translated copy of the same in either English or Hindi.

Mahabharti.in

k. यदि अभ्यर्थी ने एनपीसीआईएल में संविदा पर कार्य किया हो तो ठेकेदार द्वारा जारी एवं एनपीसीआईएल प्रभारी अभियंता/अधिकारी द्वारा अग्रेषित अनुभव प्रमाणपत्र/सेवा प्रमाणपत्र जिसमें सेवा की अवधि, वर्क आर्डर नं., पदनाम एवं कार्य या जिम्मेदारी का विवरण स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो|
If the candidate has worked in NPCIL on Contract, the Experience/Service Certificate issued by the Contractor duly forwarded by Engineer/ Officer -in-charge, NPCIL should clearly indicate the period of service, work order no., designation and details of job or responsibilities.

l. यदि अभ्यर्थी ने एनपीसीआईएल में नियतकालिक आधार पर कार्य किया हो तो एनपीसीआईएल द्वारा जारी अनुभव प्रमाणपत्र/सेवा प्रमाणपत्र जिसमें सेवा की अवधि, पदनाम एवं कार्य या जिम्मेदारी का विवरण स्पष्ट रूप दर्शाया गया हो|

If the candidate has worked in NPCIL on Fixed Term Basis, the Experience/Service Certificate issued by NPCIL should clearly indicate the period of service, designation and details of job or responsibilities.

m. कोई अन्य संगत प्रमाणपत्र (यथा प्रयोज्य) Any other relevant certificates (as applicable).

## 15. चिकित्सीय स्वस्थता Medical Fitness:

चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति, अभ्यर्थी को एनपीसीआईएल के प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वस्थ्य पाए जाने पर निर्भर होगी।

The appointment of the selected candidate will be subject to the candidate being found Medically Fit by the Authorised Medical Officer of NPCIL.

## 16. आवेदन कैसे करें How to apply :

Mahabharti.in

a. पात्र आवदकों को केवल वेबसाइट "www.npcilcareers.co.in" पर प्रदान किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदन करना होगा। हस्तलिखित /टंकित आवेदनों सहित किसी भी अन्य रुप में प्रस्तुत किए अए आवेदनों को व्यक्तिगत रुप से या अन्य माध्यम से वितरित हार्ड प्रारुप में नहीं लिया जाएगा। एनपीसीआईएल को कोई दस्तावेज/आवेदन आदि न भेजें।
Eligible applicants have to apply through online application form as provided on the website "www.npcilcareers.co.in" only. Applications submitted in any other form including handwritten/typewritten applications in hard format delivered in person or by other means will not be entertained. DO NOT SEND any of the documents/application etc. to NPCIL.

b. ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 22/08/2024 को प्रात: 10:00 बजे से प्रारंभ होगा तथा दिनांक 11/09/2024 को अपराह्न 16:00 बजे समाप्त हो जाएगा।
The online registration will commence from 22/08/2024 at 10:00 Hrs and will end on 11/09/2024 at 16:00 Hrs

c. ऑन-लाइन आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करने तथा आवेदन संख्या प्राप्त करने के लिए सभी प्रासंगिक जानकारी जैसे अर्हता विवरण, अनुभव विवरण (यदि कोई हो), अंको का प्रतिशत, ई-मेल का पता, संपर्क दूरभाष/ मोबाइल नंबर, पत्राचार का पता, स्कैन किए फोटोग्राफ की सॉफ्ट प्रति व हस्ताक्षर (जेपीईजी) आदि भरना आवश्यक है। अत:, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी सभी जानकारियां तैयार कर लें।

It is mandatory to fill all the relevant information such as qualification details, experience details (if any), percentage of marks, email address, contact phone /mobile number, address for correspondence, soft copy of scanned photograph and signature (JPEG) to complete the online application process and get the application number. Therefore, candidates are advised to keep such information ready before applying online.

d. ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम 50 केबी (अधिकतम 480 x 640 पिक्सल) व न्यूनतम 10 केबी (न्यूनतम 180 x 240 पिक्सल) में तथा अपने हस्ताक्षर को भी जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम 20 केबी (अधिकतम 160 x 560 पिक्सल) व न्यूनतम 80 x 100 पिक्सल में स्कैन कर लेना चाहिए। अपलोड की गई इस फोटो को ई- प्रवेश पत्र पर छापा जाएगा और केवल जिन अभ्यर्थियों के फोटो ई- प्रवेश पत्र पर छपे होंगे, उन्हें ही लिखित परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी (यदि बुलाया गया है तो)।

Before applying online candidate should scan her/his photograph in JPEG format, of size not more than 50KB (maximum 480 X 640 Pixels) and a minimum of 10 KB (minimum 180 x 240 pixels) and signature in JPEG format of size not more than 20KB (maximum 160 x 560 pixels) and a minimum of 80 x 100 pixels. The photograph uploaded will be printed on the e-Admit Card and only the applicant whose photograph is printed on the e-Admit Card will be allowed to appear for Written Examination (if called).

e. अभ्यर्थीगण कृपया अपना वैध एवं कार्यशील ई-मेल पता दर्ज करें क्योंकि सभी महत्वपूर्ण पत्राचार इसी ई-मेल पते से किए जाएंगे। यदि अभ्यर्थीगण अपने एक्टिव/ कार्यशील मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हैं तो उन्हें एसएमएस भी भेजे जाएंगे। यदि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर टीआरएआई एनसीपीआर सूची (जिसे पहले डीएनडी कहा जाता था) में दर्ज होंगे तो अभ्यथियों को पंजीकरण से संबंधित एसएमएस अलर्ट नहीं मिल पाएंगे। यदि अभ्यर्थी को इस भर्ती के संबंध में आगे

एनपीसीआईएल से एसएमएस अलर्ट चाहिए हों तो कृपया सर्विस प्रदाता से अपने मोबाइल नंबर को एनसीपीआर सूची से हटाने के लिए अनुरोध करें।
Applicant is requested to enter her/his valid and active email address, as all important communications will be sent to this email address. SMSs will also be sent to the applicant if an active/functional mobile number for communication is provided. If the mobile number registered by the applicant is in the TRAI NCPR list (formerly called DND), applicant will not receive SMS alerts related to the registration. If applicant wants to receive future SMS alerts from NPCIL related to this recruitment, she/he is requested to remove her/his mobile number from the NCPR list through service provider.

f. ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण हैं The Online registration process consists of following steps :

चरण 1 Step 1 — पंजीकरण के लिए वेब पेज के ऊपर/बाईं ओर - ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन पर क्लिक करें। अभ्यर्थी को सभी मौलिक जानकारियां जैसे, पूरा नाम, जन्म-तिथि, श्रेणी, ई-मेल, मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना आवश्यक है। इस चरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत, एक एक्टिवेशन लिंक जेनेरेट/ आबंटित हो जाएगी और अभ्यर्थी की पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेज दी जाएगी।

Click on Apply=>Online Registration at the top/left corner of web page for registration. The applicant is required to furnish all basic information such as Name, Date of Birth, Category, Email, Mobile number. On successful completion of this stage, activation link is generated/allotted and sent to applicant's email.

चरण 2 Step 2 — अभ्यर्थी को पहले चरण में पंजीकरण करने के उपरांत ईमेल के माध्यम से प्राप्त एक्टिवेशन लिंक को क्लिक कर अपना अकाउंट एक्टीवेट करना होगा।
The applicant is required to activate the account by clicking on the activation link received through email after completing registration in Step 1.

चरण 3 Step 3 — इस एक्टिवेशन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात, अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के लिए अपने लॉगइन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर सकते हैं। इस चरण में अभ्यर्थी को अपने सभी विवरण जैसे शैक्षिक योग्यताएं, कार्य अनुभव आदि भरने होंगे।
On successful completion of this activation, applicants can login using their Login ID and password to apply online. In this step the applicant is required to fill all details of her/his Educational Qualifications, Work Experience etc.

यह एक बहु चरणीय प्रक्रिया है जिसमें अभ्यर्थीको पहले चरण की सूचनाएं भरने के बाद ही अगले चरण में जाने की अनुमति होती है। इस चरण का क्रम निम्नानुसार है:-
This is a multi-stage step where applicant is allowed to go to next stage only on entering the information required for current stage. The sequence of stages is as follows: -

1. शैक्षिक योग्यताएं Educational Qualifications
2. शैक्षिक योग्यता पश्चात कार्य अनुभव, यदि कोई हो Post Qualification Work Experience, if any
3. व्यक्तिगत विवरण Personal Details
4. फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करना Upload Photo & Signature
5. एप्लीकेशन सबमिट करें Submit Application

उपर्युक्त चरणों के लिए लिंक अप्लाई ऑन-लाइन मेनू (अप्लाई – अप्लाई ऑनलाइन) पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी को 'एजूकेशनल क्वालीफिकेशन्स' वाले लिंक पर क्लिक कर इसे शुरू करना होगा। यह जानकारी सेव हो जाने के बाद अगला चरण कार्य अनुभव" सूचनाएं भरने हेतु उपलब्ध हो जाएगा।
The link for the above stages is available under 'Apply Online' menu (Apply=>Apply Online). The applicant should start by clicking on the "Educational Qualifications" link. Once information is saved, the next stage "Work Experience" will be made available for filling up the information.

इस चरण से संबंधित सभी सूचनाएं भरने के बाद, अभ्यर्थी, इस प्रपत्र के सबसे नीचे की ओर दिए गए ''सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप'' विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। इससे वर्तमान में भरी जा चुकी सूचनाएं सेव हो जाएंगी और अगले चरण में सूचनाएं भरने हेतु विकल्प खुल जाएगा। अगले चरण को भरने के लिए भी अप्लाई ऑन-लाइन मेनू (अप्लाई – अप्लाई ऑनलाइन) का प्रयोग किया जा सकता है।
On entering all the information related to current stage, the applicant can use "Save and Proceed to Next Step" option at the bottom of the form which will save the information entered in current stage and opens the next stage for filling. The next stage can also be opened using link provided in Apply Online menu (Apply=>Apply Online).

Mahabharti.in

किसी भी चरण में सूचना को "सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप" का उपयोग करते हुए सेव किया जा सकता है। The information at any stage can be saved using the "Save and Proceed to Next Step" option.

जब अभ्यर्थी" सबमिट एप्लीकेशन" के चरण में पहुंच जाता है, अभ्यर्थी द्वारा भरी गई समस्त जानकारी एक ड्राफ्ट के रूप में दिखाई देगी। यहां पर अभ्यर्थी को पूर्व चरणों में भरी गई जानकारी में संशोधन करने की अनुमति होती है। Once the applicant reaches "Submit Application" stage, a draft of all the information entered by the applicant will be shown. At this point the applicant is allowed to modify any details entered in earlier stages.

यदि आवेदक को विश्वास है कि उसके द्वारा भरी गई सभी जानकारी सही है तो, वह इस एप्लीकेशन, को "सबमिट एप्लीकेशन" बटन दबाकर आवेदन सबमिट कर सकते हैं। कृपया नोट करें कि, एक बार एप्लीकेशन को "सबमिट एप्लीकेशन" बटन दबाकर सबमिट किए जाने के बाद, आवेदक को किसी भी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी। एप्लीकेशन को सबमिट किए जाने के बाद एक अप्लीकेशन संख्या तैयार हो जाएगी।

If applicant is sure that all the information entered/uploaded is correct, she/he can submit the application using "Submit Application" option. Please note that the Applicant will not be allowed to make any changes in the information furnished once she/he submits the Application. After submission of application, Registration number will be generated.

चरण 4 Step 4. केवल सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों को ही ऑनलाइन आवेदन को अंतिम रुप से जमा करने के बाद वेबसाइट पर दिए गए स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक के माध्यम से लागू बैंक प्रभार के साथ आवेदन शुल्क के तहत् निम्नांकित गैर- वापसी योग्य राशि का भुगतान करना होगा।

महिला अभ्यिर्थियों, अनु.जा./ज.जा., शारीरिक निशक्तता वाले अभ्यर्थियों, पूर्व सैनिक, युद्धक कार्रवाई में हताहत रक्षा कर्मियों के आश्रितों (डीओडीपीकेआईए), व एनपीसीआईएल कर्मचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

Only male applicants belonging to General, EWS and OBC categories are required to make a non-refundable payment as under towards application fee with the applicable bank charges using State Bank Collect link provided on the website after final submission of the online application.

SC, ST, PwBD, Ex-serviceman, DODPKIA, Female candidates and employees of NPCIL are exempted from the payment of Application Fee.

| पद Post | आवेदन शुल्क Application fee |
|---|---|
| श्रेणी-II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)<br>Category-II Stipendiary Trainee (ST/TN) | ₹ 100/- |

चरण 5 Step 5. इस स्टेट बैंक कलेक्ट फैसिलिटी का उपयोग www.onlinesbi.co.in वेबसाइट पर स्टेट बैंक कलेक्ट ऑप्शन - क्लिक चेक बॉक्स एण्ड प्रोसीड- सेलेक्ट स्टेट के लिए राजस्थान - टाइप ऑफ कॉर्पोरेटइंस्टीट्यूशन/ के लिए अदर्स - अदर्स नाम के स्थान पर एनपीसीआईएल - सबमिट - सेलेक्ट पेमेंट कैटेगरी में रिक्रूटमेंट ऑफ श्रेणी-II वृत्तिकाग्राही प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) लिखें।

The State Bank Collect facility can also be operated through the www.onlinesbi.co.in website by selecting State Bank Collect option => Click Check Box & Proceed => Select state as Rajasthan => type of Corporate/Institution as Others =>Others Name as NPCIL =>Submit =>Select Payment Category as 'Recruitment of Category-II Stipendiary Trainee (ST/TN)

अभ्यर्थियों को केवल इसी लिंक के माध्यम से ही शुल्क का भुगतान करना चाहिए। अभ्यर्थियों को पहले के चरण से प्राप्त आवेदन संख्या व अन्य विवरणों को स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक के माध्यम से भुगतान किए जाते समय सही-सही भरना होगा। कृपया नोट करें कि बैंक द्वारा शुल्क की प्राप्ति की सूचना प्राप्त होने के बाद आवेदन शुल्क संबंधी विवरण को अद्यतन करने में तीन कार्यदिवसों का समय लग सकता है। बैंक से आवेदन शुल्क भुगतान का विवरण प्राप्त होने के उपरांत अभ्यर्थीइस विवरण को " एप्लीकेशन फी पेमेंट डिटेल्स" लिंक पर जाकर देख सकते हैं।

The applicant should use only this link for payment of fee. Applicant should mention Registration number generated in previous step along with all the other details correctly while paying the fee using State Bank Collect. Please note that it may take up to three working days to update the details of Application Fee. Once the details of payment of application fee are received from Bank, the applicant can view these details using the "Application Fee Payment Details" link.

केवल शुल्क के भुगतान के सत्यापन के बाद ही ऑनलाइन आवेदनपत्र को देखा/प्रिंट किया जा सकता हैं। दस्तावेज सत्यापन/स्किल टेस्ट के समय छपे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र को लाना आवश्यक है। स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक के

Mahabharti.in

माध्यम से ऑन-लाइन भुगतान करने के लिए दर्ज की जाने वाली आवेदन संख्या, पंजीकरण संख्या, अभ्यर्थी का नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी वही होनी चाहिए जिसे, ऑन-लाइन आवेदन के समय दर्ज किया गया हो ताकि भुगतान की पुष्टि की जा सके। एसबीआई के 'स्टेट बैंक कलेक्ट' लिंक के माध्यम से भुगतान किए जाने पर लागू बैंक प्रभारों का वहन अभ्यर्थी द्वारा किया जाएगा। 'स्टेट बैंक कलेक्ट' के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान केवल दिनांक 22/08/2024 को 10:00 बजे से दिनांक 11/09/2024 को 23:59 बजे तक के बीच ही किया जा सकेगा। आगामी संदर्भ के लिए 'स्टेट बैंक कलेक्ट' की छपी रसीद दिखानी होगी।

Only after verification of payment of fee, the online application form can be viewed/printed. The printed online application is required to be brought at the time of Document Verification/Skill test. The information with respect to Registration Number, name of the applicant, date of birth, mobile number and email ID entered while making the online payment through 'State Bank Collect' should be same as entered in online application for verification of the payment. The applicable bank charges towards payment of Application Fee through 'State Bank Collect' of SBI will have to be borne by the applicant. The application fee can be paid through 'State Bank Collect' on any day between 22/08/2024 from 10:00 Hrs. to 11/09/2024 23:59 Hrs. only. Keep the printed receipt of 'State Bank Collect' for future reference.

g. उपर्युक्त सभी लागू चरणों को पूरा करने के उपरांत ही ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होगी।
The Online Application Process is complete only after all the above-mentioned applicable steps are completed.

h. अभ्यर्थी द्वारा 'ऐप्लीकेंट लॉगइन-' लिंक के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
Application Status can be seen by the applicant by login through "Applicant's Login" link.

i. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि कृपया अपने लॉग-इन आईडी व पासवर्ड को नोट कर लें क्योंकि उन्हें अपने आवेदन की जानकारी के लिए इस लॉग-इन की सहायता से वेबसाट पर लॉग-इन करना होगा। अभ्यर्थी को आवेदन संख्या युक्त एक ईमेल भी प्रेषित की जाएगी।
Applicant is requested to make a note of the Login ID and password, as she/he will need this to login to the website to check her/his application status. An email will also be sent to the applicant with the application number.

j. योग्यता प्रतिशत के अंको वाले कॉलम में अंको का सटीक प्रतिशत लिखा जाना चाहिए न कि उन्हें राउंड ऑफ करके। उदाहरण के लिए 59.99% अंकों को राउन्ड ऑफ कर 60% नहीं किया जाना चाहिए।
Exact percentage of the marks should be mentioned in the qualification percentage of marks column and no rounding off of marks should be done e.g. 59.99% should NOT be rounded off to 60%.

k. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए वेबसाइट पर ई-एडमिट कार्ड की उपलब्धता के बारे में ईमेल/एसएमएस (यदि सक्रिय/कार्यशील मोबाइल नंबर प्रदान किया गया हो) के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इसी प्रकार, अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) के लिए बुलाए जाने/ शार्टलिस्ट किये जाने पर एनपीसीआईएल करियर्स वेबसाइट/ ई-मेल/एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। लिखित परीक्षा/शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) का समय और स्थान ई-एडमिट कार्ड में उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी, 'अभ्यर्थी लॉगइन' के माध्यम से लॉगिन कर सकते है और उसका प्रिंट ले सकते है। अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) स्थल पर स्पष्ट रुप से मुद्रित ई-एडमिट कार्ड ले जाना चाहिए, जिसके बिना उन्हें लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
Applicants will be informed through email/SMS (if active/functional mobile number provided) about the availability of e-Admit Card on the website for Written Examination. Similarly, applicants will be informed through display of list on the NPCIL Careers website/email/SMS about the Document verification/Skill test (if applicable), if called/shortlisted. The time and venue of the Written Examination/ Physical Standard Test/Document verification/Skill test (if applicable) will be available in the 'e-Admit Card'. Applicants can login through the 'Applicant's Login' and print the same. The applicant must carry a clearly printed 'e-Admit Card' to the Written Examination/Physical StandardTest/Document verification/Skill test venue, without which she/he will not be allowed to appear for Written Examination/ Physical Standard Test/Document verification/Skill test (if applicable).

l. प्रारंभिक स्क्रीनिंग मुख्यतया, अभ्यर्थी द्वारा आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराए गए विवरण पर आधारित है। अत:, अभ्यर्थियों को विशेष रूप से सलाह दी जाती है कि कृपया ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सभी विवरण सावधानीपूर्वक एवं सही - सही भरें।
Initial screening is primarily based on the information provided in the online application form. It is, therefore, strongly advised that all the details should be carefully and correctly entered in online application form.

m. अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा/ दस्तावेज सत्यापन/ कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) हेतु प्रवेश उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गई जानकारी के आधार पर दिया जाएगा। अत: वे सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। यदि बाद

के चरणों में पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जानकारी झूठी है या अभ्यर्थी पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो, ऐसे अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

The candidate would be admitted to the Written examination/Document verification/Skill test (if applicable) on the basis of the information furnished by her/him in the online application form. It is, therefore, advised to ensure that they fulfil all the eligibility conditions before applying. In case, it is found at a later stage that the information furnished by the candidate is false or the candidate does not fulfil any of the eligibility conditions, the candidature of such candidate would be cancelled and no correspondence in this regard would be entertained.

n. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अपनी फोटो व हस्ताक्षर को स्कैन करके तैयार रखना चाहिए ताकि इन्हें ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड किया जा सके।

Applicants are required to keep the scanned signature and photograph ready for uploading at the time of online registration.

o. कृपया नोट करें कि वैध हस्ताक्षर व फोटो के बगैर, 'ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म' स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Please note that the 'Online Application Form' without valid signature and photograph will not be accepted.

p. आवश्यक Important :

- चार चरणीय प्रक्रिया Four Step Process :

I. पंजीकरण Registration

II. एक्टीवेशन Activation

III. अभ्यर्थी विवरण भरें, हस्ताक्षर, फोटो अपलोड करें व आवेदन सबमिट करें।
Fill Applicant Details, upload signature, photo & submit application

IV. स्टेट बैंक कलेक्ट के माध्यम से शुल्क का भुगतान करें (यदि शुल्क लागू हो तो)
Pay fee using State Bank Collect (if fee is Applicable)

q. लिखित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) के लिए चयनित अभ्यर्थियों के पास लिखित परीक्ष, शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) हेतु उपस्थित होते समय निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यत: होने चाहिए:-

The shortlisted applicants appearing for the Written Examination, Physical Standard Test/Document Verification/Skill test (if applicable) should invariably carry with them the following at the time of reporting for Written Examination, Physical Standard Test/Document Verification/Skill test (if applicable): -

a) लिखित परीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) के लिए चयनित अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यत: होने चाहिए

At the time of Written Examination & Physical Standard Test/Document Verification/Skill test (if applicable) below documents are required: -

- पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ आधार कार्ड/ वोटर आईडी/कॉलेज आई डी/ सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र।
  Photo identity proof of PAN Card/Driving License/AADHAR Card/Voter ID/College ID/Government issued ID.
- ई- प्रवेश पत्र की फोटोग्राफ सहित एक स्पष्ट प्रिन्टआउट।
  One clear printout of the e-Admit Card bearing photograph of the applicant.
- पूर्ण ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र का एक स्पष्ट प्रिन्टआउट।
  One clear printout of the full online application form.

b) शारीरिक मानक परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (यदि लागू हो तो) के लिए चयनित अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यत: होने चाहिए:-

At the time of Physical Standard Test/Document Verification/Skill test (if applicable) below are required: -

- शैक्षिक योग्यता के समर्थन में स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियां (डिग्री प्रमाणपत्र व अंक-पत्र दोनों की), अनुभव, जाति/वर्ग, जन्म-तिथि प्रमाणपत्र आदि।
  One set containing self-attested copies of the certificates in support of educational qualification (both degree certificate and mark sheets), experience, caste, proof for date of birth etc.
- ऊपर लिखे गए सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां |
  Originals of all the above-mentioned documents.

Manabharti.in

r. महत्वपूर्ण तिथियां Important Dates :

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की आरम्भ तिथि<br>Start date of submission of online application | 22/08/2024 को 10:00 Hrs. बजे से |
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि<br>Last date of submission of online application | 11/09/2024 को 16:00 Hrs. बजे तक |
| आवेदन शुल्क जमा करने की तिथि<br>Payment of application Fee | 22/08/2024 को 10:00 Hrs. बजे से 11/09/2024 को<br>23:59 Hrs. बजे तक |

## 17. बेंचमार्क नि:शक्तजन के लिए सामान्य दिशानिर्देश Guidelines for Persons with Benchmarks

1. बेंचमार्क नि:शक्तता की श्रेणी के वे अभ्यर्थी जो दृष्टिबाधित हैं, लोकोमोटर डिसेबिलिटी (दोनों भुजाएं प्रभावित – बी.ए) एवं सेरिब्रल पाल्सी से ग्रसित हैं ऐसे सभी अभ्यर्थी अपने खर्च पर लिखित परीक्षा हेतु स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट की सहायता ले सकते हैं। अन्य श्रेणी के बेंचमार्क नि:शक्तजन अपने खर्च पर परीक्षा में स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट की सहायता ले सकते हैं बर्शते वे लिखने हेतु शारीरिक सीमितता तथा उन्हें उनकी ओर से परीक्षा लिखने हेतु श्रुतलेखक की आवशयकता है का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, जोकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ सिविल सर्जन/स्वास्थ देखभाल सम्बंधी सरकारी संस्था के चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा सत्यापित हो। श्रुतलेखक सम्बंधी सुविधा नीचे दर्शाए गए नियमों के तहत सीमित है : -
The candidates with benchmark disabilities in the category of blindness, locomotor disability (both arms affected – BA) and cerebral palsy can use their own scribe/reader/lab assistant at their cost during the examination. In case of candidates with other category of benchmark disabilities, they can use their own scribe/reader/lab assistant at their cost during the examination provided they produce a certificate to the effect that she/he has physical limitation to write, and scribe is essential to write examination on his behalf, from Chief Medical Officer/Civil surgeon/Medical Superintendent of a Government health care institution. This is subject to limits as mentioned below and in all such cases where a scribe is used, the following rules will apply:

   a. अभ्यर्थी स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट की सहायता ले सकते है |
   The candidate may avail assistance of scribe/reader/lab assistant.
   b. अभ्यर्थी द्वारा लाया गया स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट परीक्षा में अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए|
   The scribe/reader/lab assistant arranged by the candidate should not be a candidate for the examination.
   c. यदि पूरी प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उक्त नियमों में उल्लंघन पाया जाता है तो परीक्षा के लिए अभ्यर्थी एवं स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट दोनों की अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है|
   If violation of the above is detected at any stage of the process, candidature for Exam of both the candidate and the scribe/reader/lab assistant will be cancelled.
   d. एक अभ्यर्थी का स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट किसी अन्य अभ्यर्थी का स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट नहीं हो सकता|
   A person acting as a scribe/reader/lab assistant for one candidate cannot be a scribe/reader/lab assistant for another candidate.
   e. पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक ज्ञान शाखा से भिन्न ज्ञान शाखा से स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट होना चाहिए|
   The scribe/reader/lab assistant should be from an academic stream different from the stream prescribed for the post.
   f. अभ्यर्थियों एवं स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट दोनों को ही यह पुष्टि करते हुए एक समुचित घोषणा करनी होगी कि वह उपर्युक्त उल्लिखित स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट हेतु अनुबंधित मानदंड पूर्ण करता है | इसके बाद में यदि यह प्रकट होता है कि उन्होंने निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूर्ण नहीं किया है अथवा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया है तो अभ्यर्थीकी अभ्यर्थिता निरस्त मानी जाएगी चाहे लिखित परीक्षा का परिणाम कुछ भी रहा हो |
   Both the candidates as well as the scribe/reader/lab assistant will have to give a suitable undertaking confirming that the scribe fulfils all the stipulated eligibility criteria for a scribe/reader/lab assistant as mentioned above. Further, in case, later it transpires that he/she did not fulfil any laid down eligibility criteria or suppressed material facts, the candidature of the applicant will stand cancelled, irrespective of the result of the written examination.
   g. जो अभ्यर्थी स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट का उपयोग कर रहे हैं वे परीक्षा में प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट परामर्शानुसार प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे एवं वे अभ्यर्थी जो कि स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट के उपयोग हेतु पात्र है परन्तु स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं वे भी प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट परामर्शानुसार प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे|
   Candidates using a scribe/reader/lab assistant shall be eligible for compensatory time of 20 minutes for every hour of the examination or as otherwise advised and canddiates who are eligible to use scribe/reader/lab assistant but not using the scribe/reader/lab assistant are also eligible for compensatory time of 20 minutes for every hour of the examination.

2. दृष्टि बाधित अभ्यर्थी (जो कम से कम 40% तक निशक्त हों) परीक्षा में शब्दों को आवर्धक प्रिंट में देखने का विकल्प दे सकते हैं |

Mahabharti.in

Visually Impaired candidates (who suffer from not less than 40% of disability) may opt to view the contents of the test in magnified print.

3. जो अभ्यर्थी परीक्षा में स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट की सेवाओं का प्रयोग करते हैं उन्हें परीक्षा की सामग्री को आवर्धक फॉण्ट में देखने की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी|
The facility of viewing the contents of the test in magnifying font will not be available to Visually Impaired candidates who use the services of a scribe/reader/lab assistant for the examination.

## 18. सामान्य निर्देश General Instructions

a) केवल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।
Only Indian Nationals aged 18 years and above, are eligible to apply.

b) आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उससे संबंधित सभी आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । यदि अभ्यर्थी पात्र नहीं है, तो उसकी अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर निरस्त कर दी जाएगी । यदि अभ्यर्थी चयन-प्रक्रिया में योग्य पाया जाता है और बाद में यह पाया जाता है कि वह पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता, तो उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और यदि नियुक्ति हो जाती है, तो बिना किसी सूचना अथवा प्रतिपूर्ति के उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।
Before submitting the online application form, the candidate must ensure that she/he fulfills all the required eligibility criteria for the post for which she/he is applying as detailed for the respective post. If the candidate is not eligible, her/his candidature will be cancelled at any stage of the recruitment process. If the candidate qualifies in the selection process and subsequently, it is found that she/he does not fulfill the eligibility criteria, her/his candidature will be cancelled and if appointed, services will be terminated without any notice or compensation.

c) यदि अभ्यर्थी एक से अधिक पद पर आवेदन करने के लिए पात्र है और एक से अधिक पदों पर आवेदन करने के इच्छुक हैं, तो उन्हें पृथक आवेदन शुल्क के साथ, प्रत्येक पद के लिए पृथक रूप से आवेदन करना होगा। तथापि, यदि लिखित परीक्षा सभी पदों/विद्याओं के लिए एक ही सत्र में आयोजित होती है तो, वे अपनी पसंद के किसी एक पद/विधा की परीक्षा में ही भाग ले सकेंगे।
If applicant is eligible to apply in more than one post & wish to apply in multiple posts, she/he must submit separate application for each post with separate application fee. However, if the written examination is held for all the posts/disciplines in one session, she/he may appear for the examination against any one post /discipline of her/his choice.

d) अभ्यर्थी द्वारा एक ही पद हेतु बहुल/डुप्लीकेट आवेदन की स्थिति में केवल अद्यतन (नवीनतम) आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।
In case of multiple/duplicate applications by candidate for the same posts; only latest application will be considered.

e) जिन आवेदकों को आवेदन शुल्क का भुगतान करना है उनके शुल्क यदि एनपीसीआईएल के खाते में दिनांक 11/09/2024 (23:59 बजे तक) या इससे पहले प्रभारित नहीं होते हैं तो उनके आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।
Application will be rejected, if the application fee has not been received in NPCIL account on or before 11/09/2024 (23:59 Hrs) in respect of those candidates who are required to pay Application Fee.

f) आयु सीमा, योग्यता एवं योग्यता उपरांत अनुभव की गणना की निर्धारित तिथि ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात **11/09/2024** होगी| यदि किन्हीं प्रशासनिक/तकनीकी कारणों से ऑन-लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा भी दी जाए तो भी सभी योग्यता मानदंडों का निर्धारण करने के लिए दी गई निर्धारित तिथि अपरिवर्तित अर्थात **11/09/2024** ही रहेगी |
The **cut-off date** for reckoning Age Limit, qualification and Post Qualification Experience would be closing date prescribed for submission of online application **i.e. 11/09/2024**. The cut-off date for determining all eligibility criteria **i.e. 11/09/2024** would remain same even if the closing date for submission of online application is extended for administrative / technical reasons.

g) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में श्रेणी {अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर- क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/बेंचमार्क निशक्तजन (पीडब्ल्यूबीडी)}भर दिए जाने के बाद इसे बदला नहीं जाएगा और विहित प्रमाणपत्र उपलब्ध न होने के कारण वर्ग में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा। तदनुसार, बाद में अन्य श्रेणी के लाभ देय नहीं होंगे।
Category (SC/ST/OBC(NCL)/EWS/PwBD) once filled in the online application form will not be changed and no request for change of category due to non-availability of prescribed certificate will be entertained later on. Accordingly, no benefit of other category will be admissible later on.

Mahabharti.in

h) लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए ई- प्रवेश पत्र जारी किया जाना विज्ञापित पद पर नियुक्ति के किसी अधिकार/दावे का सृजन नहीं करता है। अंतिम चयन पूर्णरूपेण मेरिट आधारित होगा और यह सभी अर्हता दशाओं को पूरा किए जाने, विहित चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किए जाने और इसके बाद, लोक सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर- क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/बेंचमार्क निशक्तजन (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी के लिए भारत सरकार के आरक्षण व रियायतों के दिशानिर्देशों के विषयाधीन होगा। अभ्यर्थी की नियुक्ति उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जाति/जनजाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन और अन्य प्रमाणपत्रों के सत्यापन किए जाने तक अनंतिम रहेगी। यदि उपर्युक्त सत्यापन से यह पता चलता है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर- क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/बेंचमार्क निशक्तजन (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी का होने से संबंधित अभ्यर्थी का दावा और अन्य प्रमाणपत्र गलत हैं, तो बिना किसी कारण बताए उनकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकतीं हैं । इस प्रकार के गलत जाति प्रमाणपत्रों/शंसापत्रों को प्रस्तुत करने पर, जैसा उचित समझा जाएगा, एनपीसीआईएल, अभ्यर्थी के विरुद्ध वैसी आगे की कार्रवाई करने का अधिकार भी अपने पास सुरक्षित रखता है।

Issuance of an eAdmit card for the Written examination/Skill test will not confer any right/claim for appointment to the post advertised. Final selection will be purely based on merit and is subject to fulfilment of all the eligibility conditions, successfully qualifying in the prescribed selection process and further subject to Govt. of India Guidelines on reservation and concessions to SC/ST/OBC (NCL)/EWS/PwBD in public services. The candidate's appointment will remain provisional subject to caste/ category certificates being verified from appropriate authorities and verification of other testimonials. The candidate's services will be liable to be terminated forthwith without assigning any reason in case the above verification reveals that her/his claim for belonging to SC/ST/OBC(NCL)/ EWS /PwBD category and other testimonials is found false. NPCIL also reserves its right to take such further action against the candidate as it may deem proper, for production of such a false caste certificate/testimonial.

i) विहित आवश्यक योग्यता न्यूनतम है और मात्र ऐसी योग्यता होना ही अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा हेतु बुलाए जाने और/अथवा नियुक्ति का हक प्रदान नहीं करता है।

The prescribed essential qualifications are the minimum and the mere possession of the same does not entitle candidates to be called for Written examination/Document Verification/Skill test and/or appointment.

j) सभी पदों के लिए प्रश्नपत्र दो भाषाओं, अर्थात हिंदी व अंग्रेजी में होंगे।

Question Papers will be in bilingual i.e. Hindi and English for all posts.

k) परीक्षा हॉल के भीतर किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स जैसे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक कलाई घड़ी, घड़ी फोन, मल्टीमीडिया घड़ियां, पेजर्स, कैलकुलेटर्स, पेन स्कैनर्स या इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस ले जाना अनुमान्य नहीं है। इन निर्देशों की कोई अवहेलना किए जाने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

Electronic gadgets such as mobile phones, electronic wrist watches, wrist watch phones, multimedia watches, pagers, calculators, pen scanners or any other such electronic devices are not permitted inside the Examination Hall. Any infringement of these instructions shall entail cancellation of candidature.

l) मूल दस्तावेज (पुष्टि हेतु) व विज्ञापन में दिए गए विवरणानुसार स्व-सत्यापित प्रतियां, ऑनलाइन आवेदन की विधिवत् हस्ताक्षरित प्रति तथा ई- प्रवेश पत्र को दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा के समय प्रस्तुत करना आवश्यक है। कोई प्रमाणपत्र/दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर अभ्यर्थी की दस्तावेज सत्यापन/ कौशल परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

Original documents (for verification) and self-attested copies as detailed in the advertisement along with duly signed hard copy of the Online Application & e-Admit card are required to be produced at the time of Document verification/Skill test. Applicant will not be considered for further recruitment process, if any, if the required certificates/documents are not produced.

m) पात्रता मानदण्ड पूरा न करने के कारण या वास्तविक एनओसी, यात्रा टिकट, बोर्डिंग पास आदि उपलब्ध नही करा पाते हैं तो उन्हें टीए प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

Not meeting the eligibility criteria or non-production of the required documents including original NOC, travel ticket, boarding passes etc., travelling expenses will NOT be reimbursed.

n) एनपीसीआईएल के पास, बगैर किसी पूर्व नोटिस/ कोई कारण बताए किसी भी चरण में सभी पदों को भरने या पदों की संख्या में परिवर्तन करने या यहां तक कि भर्ती की इस पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने/निलंबित करने/आगे बढ़ाने/ परिवर्तित करने व साथ ही भर्ती मानदण्डों में परिवर्तन करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है। किसी अप्रत्याशित घटना की स्थिति में जहां कहीं आवश्यक हो, प्रबंधन, स्वविवेक से लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा का पुन: आयोजन कर सकता है। यदि विज्ञापन में दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या में कोई कमी की जाती है या यहां तक कि इसे शून्य कर दिया जाता है तो भी निगम इसके परिणामों के आधार पर अभ्यर्थी को किसी क्षति/नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति देने के लिए बाध्य नहीं है।

NPCIL reserves the right to fill up all the posts or alter the number of posts or even cancel/suspend/postpone/alter the whole process of recruitment and also changing the recruitment criteria without any prior notice/assigning any reasons at any stage. Management may at its discretion, re-conduct Written examination/Document Verification/Skill test, wherever necessary in case of any eventualities. In case, the vacancy position indicated in the advertisement is reduced to any number or even to nil, Corporation is not liable to compensate the applicant for any consequential damage/loss.

o) लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (जहां भी लागू हो) के लिए आबंटित परीक्षा केंद्र, तिथि व समय में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा (जहां भी लागू हो) के लिए स्वविवेकानुसार परीक्षा केंद्र के आबंटन का एनपीसीआईएल का अधिकार सुरक्षित है जिसकी सूचना अभ्यर्थी को ई-मेल और/अथवा एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी और इस संबंध में इसके बाद किसी परिवर्तन अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
No request for change of Examination Centre, date and time allotted for Written Examination /Document verification/Skill test (wherever applicable) will be entertained. NPCIL reserves the right of allocation of Examination Centre of Written Examination/Document Verification/Skill Test as it may deem fit which the applicant will be informed through email and/or SMS and no further request for any change shall be entertained in this regard.

p) उपयुक्त अभ्यर्थी न पाए जाने पर अभ्यर्थी का चयन न किए जाने का एनपीसीआईएल का अधिकार सुरक्षित है।
NPCIL reserves the right not to select a candidate for a post, if suitable candidate is not found.

q) एनपीसीआईएल में अभ्यर्थी की नियुक्ति उसके विहित प्राधिकारी द्वारा संतोषजनक जांच व चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन तथा विशेष सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के अधीन है। इसके अलावा, चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति एनपीसीआईएल के अधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा मेडिकल फिटनेस के अधीन है।
Appointment of the candidate in NPCIL is subject to satisfactory verification of Character & Antecedents and Special Security Questionnaire by the prescribed authorities. Further, appointment of the selected candidate will be subject to medical fitness by the Authorised Medical Officer of NPCIL.

r) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दर्ज मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी भर्ती प्रक्रिया/ जॉइनिंग पूर्ण होने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए। एक बार दर्ज किए जाने के बाद ई-मेल आईडी को बदलने की अनुमति नहीं होगी। भविष्य के सभी पत्राचार केवल इसी ई-मेल आईडी के माध्यम से ही किए जाएंगे।
The email id and mobile number entered in the online application form should remain active till completion of recruitment process/joining. No change in the email id will be allowed once entered. All future correspondence would be sent to the registered email.

s) अभ्यर्थी द्वारा जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन शुल्क की वापसी के किसी भी अनुरोध को, किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Request for refund of online application fee made by the candidate will not be entertained under any circumstances.

t) अंग्रेजी संस्करण के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा के विज्ञापन के निर्वचन में किसी प्रकार का संदेह या विवाद होने की स्थिति में केवल अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
In case of any ambiguity/dispute arising on account of interpretation in versions other than English, the English version shall prevail.

u) किसी विवाद की स्थिति में, न्यायिक क्षेत्र राजस्थान होगा।
In case of any dispute, legal jurisdiction will be Rajasthan.

v) यदि, भर्ती प्रक्रिया के किसी चरण के दौरान जिसमें भर्ती या कार्यभार ग्रहण के पश्चात का समय भी शामिल है, यह पाया जाता है कि, अभ्यर्थी ने If, at any stage of the recruitment process which includes recruitment or subsequently after joining, it is found that the applicant :

i. गलत जानकारी उपलब्ध कराई है या झूठे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या,
has provided wrong information or submitted false documents or
ii. प्रासंगिक जानकारी को छुपाया है, या,
has suppressed relevant information or
iii. इस भर्ती की पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं किया है, या
does not meet the eligibility criteria for this recruitment or
iv. चयन प्रक्रिया के दौरान अवांछित तरीकों का प्रयोग किया है या,
has resorted to unfair means during selection process or
v. को प्रतिरूपण का दोषी पाया गया है या,
is found guilty of impersonation
vi. अशांति फैलाने वाला आचरण किया है जिससे परीक्षा केंद्र में लिखित परीक्षा या कौशल परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जाना प्रभावित हुआ है;
created disturbance affecting the smooth conduct of Written Examination/Skill test at the Examination centre

Mahabharti.in

vii. गैर -मानवीय व अप्रासंगिक फोटो अपलोड किया है,
has uploaded non-human or irrelevant photograph,

तो उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है, उसके विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया अपनाई जा सकती है और उसे एनपीसीआईएल में किसी भी प्रकार की नियुक्ति से वंचित किया जा सकता है तथा उसके आवेदन /नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से रद्द/निरस्त कर दिया जाएगा।
she/he will be liable to be disqualified, prosecuted and debarred for all appointments in NPCIL and her/his application/appointment will be cancelled/rejected forthwith.

w) इस विज्ञापन के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थीगण अद्यतन जानकारी के लिए कृपया समय समय पर एनपीसीआईएल के वेब पोर्टल पर विजिट करते रहें। किसी भी प्रकार की टेलीफोन कॉल/किसी प्राधिकारी से जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार के संप्रेषण का जवाब नहीं दिया जाएगा।
Applicants applying in response to this advertisement may please visit web portals of NPCIL for latest updates in this regard from time to time. Any telephone calls/any communication to any authority for seeking information will not be entertained.

x) चयनति न किए जाने वाले अभ्यर्थियों का रिकार्ड, चयन सूची जारी किए जाने के 06 माह के बाद संरक्षित नहीं किया जाएगा|
Records of the candidates not selected shall not be preserved beyond 06 months from the date of publication of select list.

y) विज्ञापन में निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करने मात्र से कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षा के बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाता है।
Mere fulfilment of requirements as laid down in the advertisement does not entitle a candidate to be called for Written Examination/ Document verification/Skill test.

z) किसी भी रूप में सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा। Canvassing in any form will be a disqualification.

हमसे संपर्क करने का तरीका Contact Us :

- किसी भी पूछ-ताछ के लिए कृपया 'कान्टेक्ट अस' लिंक पर सबमिट कर सकते हैं।
  Applicants may submit their queries, if any, under 'Contact Us' Link.
- केवल दिनांक 22/08/2024 (1100 बजे से) दिनांक 11/09/2024 (1300 बजे तक) के दौरान की जानेवाली पूछ-ताछ का ही प्रत्युत्तर दिया जाएगा।
  Queries received during the period from 22/08/2024 (1100 Hrs onwards) till 11/09/2024 (up to 1300 Hrs) will only be entertained.
- इस विहित अवधि के दौरान भी केवल इसी भर्ती संबंधित वैध सवालों के ही जवाब दिए जाएंगे।
  Only valid queries pertaining to this recruitment will be entertained within the stipulated period.

इस भर्ती से संबंधित कोई अन्य सूचना/शुद्धिपत्र/अनुशेष आदि "www.npcil.nic.in" एवं "www.npcilcareers.co.in" पर अपलोड किए जाएंगे। कृपया इन वेब पोर्टल पर विजिट करते रहें। Any further information/corrigendum/addendum etc. pertaining to this recruitment will be uploaded on "www.npcil.nic.in" and "www.npcilcareers.co.in". Please keep referring these web portals.

**महत्वपूर्ण टिप्पणी: "ये नियुक्तियां माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर बेंच के समक्ष अणुशक्ति डॉ.अम्बेडकर एससी/एसटी एम्प्लोयीस वेल्फेयर एसोसिएशन बनाम निदेशक (मा.सं.), न्यूक्लियर पॉवर कोर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड तथा अन्य के मध्य रिट याचिका नं. 15634/2013 के अंतिम परिणाम से बाध्यकारी रहेगी"|**
**Important Note: "The appointment shall be subject to the final outcome of writ petition No. 15634/2013 between Anushakti Dr. Ambedkar SC/ST Employees Welfare Association V/s Director (HR), Nuclear Power Corporation of India Limited and others pending before the Hon'ble Rajasthan High Court Jaipur bench".**

उप प्रबंधक (मा.सं.प्र.) Dy. Manager (HRM)

एनपीसीआईएल, महिला -पुरुष समानता वाला कार्यबल तैयार करने के लिए प्रयत्नशील है और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।
NPCIL strives to have a workforce which reflects gender balance and women applicants are encouraged to apply

न्यूक्लियर विद्युत- एक स्वच्छ टिकाऊ भविष्य Nuclear Power – Providing a Clean and Sustainable Future

---------------------------------- X ----------------------------------

"स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो"
एनपीसीआईएल, भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित करता है।
न्यूक्लियर विद्युत – एक अपरिहार्य विकल्प

Mahabharti.in